गर्मियों की सुरक्षित शुरुआत

इंडियानापोलिस को फ़िर से खोलने के लिए मिलकर काम करना

THE CITY OF
INDIANAPOLIS

हम इंडी को फ़िर से खोल रहे हैं— और हमें आपकी सहायता की आवश्यकता है

मैरियन काउंटी कोविड—19 के खिलाफ लड़ाई में प्रगति कर रहा है- जिसका मतलब है कि हम शुक्रवार, 15 मई से व्यवसाय फिर से शुरू कर सकते हैं।

मैरियन काउंटी को चरणों में खोलने की योजना है, यदि डेटा सकारात्मक रहता है तो अगला चरण 1 जून से शुरू करने का लक्ष्य है। लेकिन वायरस अभी भी हमारे समुदाय में है—इसलिए हमें अगले चरण में जाने से पहले बेहतर करते रहना होगा।

इसका मतलब है कि स्मार्ट सोशल डिस्टेंसिंग नियम अब बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह सब तभी हो पायेगा जब हम साथ काम करते रहें!

THE CITY OF INDIANAPOLIS
MAYOR JOE HOGSETT
EST. 1821

सबसे पहले क्या खुलने वाला है:

गैर-आवश्यक रिटेल स्टोर 50% क्षमता पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ फ़िर से खुल सकते हैं ।

22 मई से, रेस्तरां सख्त सोशल डिस्टेंसिंग दिशानिर्देशों के साथ बाहर बैठने के लिए खुल सकते हैं।

मॉल और मॉल के अंदर निजी रिटेल स्टोर उचित सोशल डिस्टेंसिंग के साथ 50% की क्षमता पर खुल सकते हैं।

सार्वजनिक सभाओं के साथ-साथ धार्मिक कार्य 25 लोगों के साथ किए जा सकते हैं।

आगे क्या खुलने वाला है:

यदि डेटा सकारात्मक रहता है तो 1 जून से अंदर बैठने के रेस्तरां 50% क्षमता के साथ खुल सकते हैं।

सैलून और अन्य व्यक्तिगत सेवाओं को 1 जून से सोशल डिस्टेंसिंग के साथ फ़िर से खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

यदि डेटा सकारात्मक रहता है तो गैर-आवश्यक निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों को 1 जून से फ़िर से खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

बार, सिनेमाघर, जिम, संग्रहालय और अन्य प्रतिष्ठानों को भविष्य के चरणों में खोलने की योजना है।

आपका स्वस्थ रहना व्यवसाय को स्वस्थ रखेगा

लोगों के बीच फ़ेस कवरिंग पहनना, बार-बार हाथ धोना, अपने और अन्य लोगों के बीच छह फ़ूट की दूरी बनाए रखना और सोशल डिस्टेंसिंग के अन्य नियमो का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है।

सार्वजनिक सभाएँ 25 या कम लोगों तक सीमित हैं, लेकिन उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को घर पर रहने की सलाह दी जाती है।

रिमोट वर्किंग करने में सक्षम कर्मचारियों को ऐसे ही काम करने की सलाह दी जाती है।

यात्रा केवल बहुत महत्वपूर्ण यात्राओं तक ही सीमित रहनी चाहिए।

Translated by
LUNA
Language Services

इंडियानापोलिस के निवासियों, व्यवसायों और कर्मचारियों की सहायता के लिए हम क्या कर रहे हैं, के बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं? अधिक जानकारी के लिए **indy.gov/covid** पर जाएँ। और इंडी में गर्मियों की सुरक्षित शुरुआत करने में हमारी मदद करें।

हम इंडी को फ़िर से खोल रहे हैं—एक बार में एक अच्छा कदम

मैरियन काउंटी कोविड—19 के खिलाफ लड़ाई में प्रगति कर रहा है- जिसका मतलब है कि हम शुक्रवार, 15 मई से व्यवसाय फिर से शुरू कर सकते हैं।

हमारी फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए नए कार्यक्रम

हम फ़ेस कवरिंग प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं, ताकि मैरियन काउंटी के निवासी जिनके पास मास्क नहीं है, उन्हें मुफ़्त में एक मास्क प्राप्त हो सके।

हम इंडी चैंबर के साथ साझेदारी में, छोटे व्यवसायों जिन्हें फ़िर से खोलने के लिए PPE खरीदनी होगी को प्रतिपूर्ति प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू करेंगे। अधिक जानकारी के लिये **response.indychamber.com/restart** देखें।

हम बाहर फैल कर बैठक के माध्यम से रेस्तरां और अन्य व्यवसायों को बेहतर सोशल डिस्टेंसिंग की अनुमति देने के लिए नए तरीके खोज रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए **indy.gov/dineout** देखें।

सबसे पहले क्या खुलेगा

गैर-आवश्यक रिटेल स्टोर एक समय में स्टोर में 50% क्षमता और आवश्यक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए फ़िर से खुल सकते हैं।

रेस्तरां शुक्रवार, 22 मई से सख्त सोशल डिस्टेंसिंग के साथ बाहर बैठने के लिए खुल सकते हैं—1 जून से अंदर बैठने के रेस्तरां 50% क्षमता के साथ खुल सकते हैं।

मॉल और मॉल के अंदर निजी रिटेल स्टोर उचित सोशल डिस्टेंसिंग के साथ 50% की क्षमता पर खुल सकते हैं। मॉल के अंदर के सिनेमाघर, सैलून और जिम बंद रहेंगे। फ़ूड कोर्ट में भोजन करने की अनुमति नहीं है, लेकिन ले जाने की अनुमति है।

शराब की दुकानें एक बार में 50% की क्षमता के साथ फ़िर से खोली जा सकती हैं और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना आवश्यक होगा।

सैलून, जिम और संग्रहालय बंद रहेंगे।

खोलना जारी रखना निर्भर करता है कि...

सोशल डिस्टेंसिंग का निरन्तन पालन करने के साथ-साथ फ़ेस मास्क पहनना, बार-बार हाथ धोना, सोशल डिस्टेंस का पालन करना और सोशल डिस्टेंसिंग के अन्य नियमों का पालन किया जाये

क्रमिक डेटा में वायरस के प्रसार में कमी दिखे।

मैरियन काउंटी में एक दिन में कम से कम 1,500 लोगों के परीक्षण की क्षमता

मैरियन काउंटी के लिए विस्तारित संपर्क ट्रेसिंग

Translated by LUNA Language Services

THE CITY OF INDIANAPOLIS
MAYOR JOE HOGSETT
EST. 1821

इंडियानापोलिस के निवासियों, व्यवसायों और कर्मचारियों की सहायता के लिए हम क्या कर रहे हैं, के बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं? अधिक जानकारी के लिए **indy.gov/covid** पर जाएँ। और इंडी में गर्मियों की सुरक्षित शुरुआत करने में हमारी मदद करें।